# राष्ट्रीय सेवा योजना

## NSS कार्यक्रम रिपोर्ट 2022- 23

- आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण अभियान 14.07.2022 को चलाया गया। इसी अभियान के अंतर्गत 2 अगस्त 2022 को गांव पांडू पिंडारा में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया।
- आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत हर घर तिरंगा साइकिल रैली का आयोजन 12 अगस्त 2022 को किया गया। रैली की शुरुआत महाविद्यालय के मुख्य द्वार से लेकर सफीदों रोड के रास्ते एकलव्य स्टेडियम पर जाकर संपन्न हुई।
- दिनांक 15 सितंबर 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत हाइजीन एंड सैनिटेशन विषय पर एक जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- दिनांक 20 सितंबर 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट्स द्वारा पोषण माह के अंतर्गत पोषण एवं आहार विषय पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शिक्षा प्रथम, गौरव द्वितीय एवं अनादी तृतीय स्थान पर रहे।
- दिनांक 1 अक्टूबर 2022 को राजकीय महाविद्यालय जींद के राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट द्वारा गांधी जयंती के उपलक्ष में सांप्रदायिक सद्भावना दिवस मनाया गया।
- दिनांक 15 अक्टूबर 2022 को डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम के जन्मदिवस के उपलक्ष में वर्ल्ड स्टूडेंट्स डे का आयोजन किया गया।
- दिनांक 18 अक्टूबर 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट द्वारा अक्टूबर माह में मनाया जा रहे  क्लीन इंडिया कैंपेन के अंतर्गत सिंगल उसे प्लास्टिक पर प्रतिबंध एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय परिसर कैंटीन के साथ-साथ गोहाना रोड स्थित कमर्शियल कंपलेक्स में भी किया गया।
- 31 अक्टूबर 2022 को सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस के उपलक्ष में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान फिट इंडिया रन 3.0 का आयोजन किया गया।
- दिनांक 11 नवंबर 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा नजदीकी गांव अहिरका में पराली जलने से उत्पन्न वायु प्रदूषण के बढ़ते हुए खतरे के बारे में जागरूक किया गया।
- 27 दिसंबर 2022 को राज्य के महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा वॉलिंटियर्स के लिए एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इसमें युवाओं के विकास में एनएसएस की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई।
- 29 दिसंबर 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना की यूनिट द्वारा एक ।दिविसीय शिविर का आयोजन कॉलेज कैंपस में किया गया।
- राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा दिनांक 19 - 25 मार्च 2023 तक सात दिवसीय विशेष विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कैंप के माध्यम से युवाओं ने स्वच्छता, मतदान का महत्व, यातायात के नियम, नशाबंदी, जल संरक्षण, आत्मनिर्भर भारत, आजादी का अमृत महोत्सव आदि पर जानकारी हासिल की। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। बेस्ट एनएसएस वालंटियर विजेंद्र और शिक्षा को चुना गया।
- दिनांक 13 अप्रैल 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा जलियांवाला बाग हत्याकांड एवम आधुनिक भारत के निर्माण में डॉक्टर अंबेडकर के योगदान विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया।

- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के मौके पर राजकीय महाविद्यालय जींद में एनएसएस वॉलिंटियर्स द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया ।इस वर्ष योग दिवस की थीम वसुधैव कुटुंबकम रखी गई ।

























## राजकीय महाविद्यालय में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने को लेकर जागरुक करते एनएसएस के स्वयंसेवक।

**सवेरा न्यूज/नरेंद्र जींद :** राजकीय महाविद्यालय जींद की राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट द्वारा अक्टूबर माह में मनाए जा रहे क्लीन इंडिया कैंपेन के अंतर्गत ह्यसिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंधह्न एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय कार्यवाहक प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के जरिए हम अपने परिवेश को साफ व स्वच्छ रख सकते हैं और विभिन्न प्रकार की बीमारियों की रोकथाम कर सकते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शिव कुमार ने कहा कि आज हमारे पर्यावरण में प्लास्टिक बहुत बड़ी समस्या के रूप में सामने आ रहा है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अमन एवं प्रो. रीतु की देखरेख में एनएसएस स्वयंसेवकों ने कैंटीन व व्यवसायिक परिसर के आस-पास फैले विभिन्न प्लास्टिक उत्पाद, लिफाफे, थैलियों तथा खाली कोल्ड ड्रिंक बोतलों आदि को इकट्ठा किया और सही स्थान पर उनका निपटान किया। साथ ही आम नागरिकों वह दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की सलाह दी।







# स्वच्छता अपनाने के प्रति किया जागरूक

## राजकीय महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत हुआ कार्यक्रम




राजकीय महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। विज्ञप्ति।

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट की ओर से स्वच्छता पखवाड़ा के तहत हाइजीन एंड सैनिटेशन विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य शीला दहिया की अध्यक्षता में किया गया।

प्राचार्य ने कहा कि महामारी के दौर में हमारी सफाई संबंधी आदतों का मजबूत होना बहुत ही जरूरी है। इसके अभाव में हम अनेक गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकते हैं। डॉ. वीरेंद्र कु मार ने कहा कि हमें कचरा प्रबंधन पर विशेष ध्यान देना होगा। हमारे चारों तरफ आज के समय में कचरे के पहाड़ बन गए हैं जो अनेक बीमारियों का कारण बन रहे हैं।

ठोस कचरा प्रबंधन के द्वारा हम पर्यावरण संरक्षण कर सकते हैं। गीले कचरे से बहुत ही उपयोगी कंपोस्ट खाद का निर्माण किया जा रहा है। जो हमारी जमीन की उर्वरा शक्ति को बढ़ाता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो शिव कु मार ने कहा कि एनएसएस द्वारा समय-समय पर अनेक समाज उपयोगी विषयों पर व्याख्यान का आयोजन किया जाता है। जिससे युवा वर्ग लाभांवित होता है, इसी कड़ी में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम मनाया गया है। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो अमन, रीतु, डॉ. वीरेंद्र कु मार मौजूद रहे।